# जिलाधिकारी ने वन विभाग के रेंजर व वन दरोगा के खिलाफ गम्भीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराने के दिए आदेश

## अल्टीमेटम के चौबीस घंटे के अन्दर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की वन माफियाओं एवं उनके परोक्ष समर्थकों के खिलाफ बड़ा एक्शन

टी.बी. लाल

**बलरामपुर:** जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए वन विभाग में तैनात फॉरेस्ट रेंजर डी.पी. सिंह व वन दरोगा भरत प्रसाद सिंह के विरूद्ध भ्रष्टाचार की गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिये हैं तथा प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए पूरे प्रदेश में उनके द्वारा अर्जित की गई अवैध परिसम्पत्तियों की खुली जांच अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए उत्तर प्रदेश भ्रष्टाचार निरोधक संगठन से कराने के आदेश दिए हैं। मामला तहसील तुलसीपुर अन्तर्गत ग्राम चरनगहिया का है जहां पर सागौन का पेड़ काटने की परमिट एवं परिवहन के लिए फारेस्ट रेन्जर एवं वन दरोगा ने लकड़ी व्यवसायी से बकायदा रेट चार्ट बनाकर एक लाख इकहत्तर हजार रूपए वसूल लिए और अभी भी लकड़ी के परिवहन की अनुमति के लिए अस्सी हजार रूपए की मांग और की जा रही है। ठेकेदार द्वारा मांगी गई राशि न देने पर फारेस्ट रेन्जर एवं वन दरोगा ने अभी तक ठेकेदार को लकड़ी का परिवहन की अनुमति नहीं दी है।

बताते चलें कि सुनील वर्मा पुत्र श्री चन्द्रभान वर्मा, निवासी वार्ड नं0-7 सिद्धार्थनगर नगर पालिका कसया थाना कोतवाली कसया, जनपद कुशीनगर जो कि लकड़ी का व्यवसायी है, ने सोमवार 18 मार्च व मंगलवार 19 मार्च 2024 को जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर पूरी घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए आपबीती बताई। शपथपत्र देते हुए शिकायत किया कि ग्राम चरनगहिया परगना व तहसील तुलसीपुर जनपद बलरामपुर में गाटा संख्या-632 रक्बा 1.489 हेक्टयर जो कि श्रीमती रेनू सिंह पत्नी स्व0 मिथलेश कुमार सिंह के नाम दर्ज है। इस गाटे में सागौन के 300 पेड़ उसके द्वारा खरीदे गये थे। सागौन के वृक्षों को काटने के लिए रेनू सिंह ने वन विभाग में आनलाइन आवेदन किया। रेनू सिंह के आवेदन पर रिपोर्ट लगाने के लिए जब ठेकेदार ने फॉरेस्ट रेंजर डी0पी0 सिंह से सम्पर्क किया तो उन्होंने कहा कि सिस्टम के हिसाब से आओ। भांभर रेन्ज में तैनात तथा तुलसीपुर रेन्ज के प्रभारी फारेस्ट रेन्जर डी0पी0 सिंह ने तुलसीपुर वन यूनिट के वन दरोगा भरत प्रसाद सिंह से मिलने को कहा। जिस पर ठेकेदार ने वन दरोगा भरत प्रसाद सिंह से 300 सागौन के पेड़ो पर रिपोर्ट लगाने का अनुरोध किया। वन दरोगा द्वारा प्रति पेड़ एक हजार रूपये कुल तीन लाख रूपये की मांग की गई। ठेकेदार ने कुछ सहूलियत देने का अनुरोध किया तो वन दरोगा ने कहा कि कुछ भी कम न होगा।




जबकि आवेदक ने अनुमति के लिए नवम्बर-दिसम्बर में ऑनलाइन आवेदन किया था। दो महीने तक आवेदक को वन विभाग के अधिकारी दौड़ाते रहे, बाद में वन दरोगा ने फॉरेस्ट रेंजर से बात कर दो लाख पर रिपोर्ट लगाने पर तैयार हुए। ठेकेदार द्वारा वन दरोगा भरत प्रसाद सिंह को सौ सागौन के पेड़ों की परमिट के लिए एक लाख इकहत्तर हजार रूपए दिया गया जिसके बाद फारेस्ट रेन्जर द्वारा परमिट के लिए फाइल आगे बढ़ाई गई। सागौन के पेड़ों की कटान हो जाने के पश्चात ठेकेदार ने उसे बाहर ले जाने के लिए परिवहन परमिट के लिए वन दरोगा भरत प्रसाद सिंह ने उससे नब्बे हजार रूपये की मांग की। ठेकेदार ने रिश्वत की अस्सी हजार रूपए नहीं दिए तो लगभग डेढ़ माह से पेड़ काटकर बोटा के रूप मौके पर पड़ा हुआ है परन्तु परिवहन परमिट व ढुलाई की अनुमति नही दी जा रही है। वन दरोगा द्वारा लकड़ी को जनपद की सीमा से पार कराने के लिए भी ठेकेदार से पैसे की मांग की गई।

मामले की अत्यन्त गम्भीरता एवं गुप्त सूचनाओं के आधार पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह ने लगातार दो दिनों में शपथ पत्र पर प्राप्त तथ्यात्मक एवं साक्ष्यों सहित शिकायत के क्रम में प्रकरण को अत्यनत गम्भीर मानां। विशेष रूप चुनाव के दरम्यान अवैध धन की वसूली मानते हुए भांभर रेन्ज में तैनात/तुलसीपुर रेन्ज के प्रभारी फारेस्ट रेन्जर डी0पी0 सिंह व तुलसीपुर वन यूनिट तुलसीपुर के वन दरोगा भरत प्रसाद सिंह के विरूद्ध भ्रष्टाचार निरोधक कानून 1988 व आपराधिक साजिश की धारा 120बी सहित अन्य गम्भीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज करने के पुलिस को आदेश दिए हैं और अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए रेन्जर और वन दरोगा द्वारा पूरे प्रदेश में अर्जित की अवैध सम्पत्तियों की खुली जांच उत्तर प्रदेश भ्रष्टाचार निरोधक संगठन से कराने के आदेश पारित किए हैं तथा सुनियोजित तरीके से अपने पद और प्रतिष्ठान का दुरूपयोग कर गैंग बनाकर अवैध वसूली करने एवं परिसम्पत्तियां अर्जित करने के आरोपी दोनों अधिकारियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार की अन्य आपराधिक धाराओं के तहत कार्यवाही की संस्तुति की है। बताते चलें कि जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में स्पष्ट चेतावनी गई थी कि भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा फिर भी वन विभाग के अधिकारियों ने कोई सुधार नहीं किया। जिलाधिकारी ने बताया कि वन माफियाओं के खिलाफ आने वाले दिनों में कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। वनमाफियाओं के द्वारा चुनाव के वक्त अवैध धन उगाही के साथ ही इसमें जनपद के किसी भी अधिकारी कर्मचारी की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संलिप्तता पाई जाएगी तो निश्चित ही कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# दो अलग-अलग स्थानों आग ने मचाया तांडव

## नौ माह का शिशु जलकर खाक वहीं सात वर्षीय झुलसा



तेजयुग न्यूज़

**रायबरेली।** समय के पहले ही आग अपने विकराल रूप को धारण कर लिया नतीजा दो अलग-अलग स्थानों पर आग के चलते जहां जहां नौ माह का शिशु जलकर खाक हो गया वहीं एक साल वर्षीय बालक बुरी तरह से झुलस गया है जिसे आनन फानन जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पहली घटना खीरों थाना इलाके के गनेशपुर गांव का है जहां एक घर में आग लगने की घटना में नौ माह के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई है जबकि सात वर्षीय एक बालक बुरी तरह झुलस गया है। आग मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती से लगाना बताई जा रही है।

बताया जाता है कि उपरोक्त गांव निवासी शिव बोधन लोधी की पत्नी रीना अपने दो बच्चो के साथ घर पर अकेली रहती है व पति जम्मू में ईट भट्ठे पर मजदूरी करता है। बीती रात मच्छर भगाने के लिए रीना ने चारपाई के पास अगरबत्ती सुलगा कर घर के बाहर दुकान में सामान लेने चली गई। घर में चारपाई पर रीना के दो बच्चे सात वर्षीय आयुष और 9 माह का आर्यन सो रहे थे। उसी दौरान अगरबत्ती से चारपाई में आग लग गई। रीना जब तक घर पहुंचती आग ने विकराल रूप ले लिया शोर सुनकर ग्रामीण आग बुझाने पहुंचे लेकिन तब तक आर्यन की आग में झुलस कर मौत हो चुकी थी जबकि आयुष बुरी तरह ज़ख्मी हो गया था।

घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी घटना नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे भैरव मजरे छतोह गांव की है जहां मंगलवार लगभग चार बजे सूरजपाल सिंह के बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप ले लिया।और पड़ोस के अशोक कुमार सिंह, विजय सिंह,राम सजीवन व सुनील कुमार पासी के घर को भी आग ने अपने आवेश में ले लिया। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

### चार माह बाद बेटी की थी शादी

**नसीराबाद/रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे भैरव मजरे छतोह में लगी आग ने एक घर को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। बताते हैं कि सूरज पाल सिंह की बेटी सविता की शादी जुलाई में होना था। परिजनों के द्वारा शादी का काफी सामान खरीदकर घर में रखा गया था।आग लगने से पांच हजार की नगदी सिलाई मशीन, साइकिल आदि गृहस्थी खाक हो गई है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# मंडी समिति लालगंज के चौकीदार की दबंगई

## मंडी निरीक्षक सहित अन्य कर्मचारियों ने एसडीएम की शिकायत

तेजयुग न्यूज़

**लालगंज/रायबरेली:** मंडी सीमित लालगंज में एक अनोखा मामला प्रकाश में आया है जहां तैनात एक चौकीदार से आहत होकर मंडी निरीक्षक सहित अन्य कर्मचारियों ने एसडीएम लालगंज को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि मंडी में आए-दिन अराजकता व अव्यवस्था की बात आती रहती है लेकिन यहां कोई देखने वाला नहीं है। इसका प्रमुख कारण है कि मंडी सचिव प्रतिदिन मंडी समिति नहीं आते हैं नतीजा मंडी में आए दिन बवाल होती रहते हैं। सबसे बड़ी विडंबना तो यह है कि आज की शिकायत को लेकर एसडीएम ने उसी मंडी समिति सचिव जांच सौंपी है जों राजधानी लखनऊ में बैठकर नौकरी कर रहा है।

बताते चलें कि कृषि उत्पादन मंडी समिति लालगंज में मंडी निरीक्षक इफ्तिखार अहमद ने उप जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में चौकीदार के पद पर तैनात पंकज नामक युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मंडी निरीक्षक का कहना है कि पंकज आए दिन शराब के नशे में धुत होकर कर्मचारियों से गाली गलौज किया करता है। मंगलवार को भी चौकीदार सुरक्षा कर्मियों से भिड गया और हाथापाई की। परेशान मंडी निरीक्षक समेत लगभग आधा दर्जन कर्मचारियों ने हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र देते हुए उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह से चौकीदार के स्थानांतरण की मांग की है। मंडी समिति लालगंज में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है यहां एक भी लाइट दुरुस्त न होने से शाम होते ही अंधेरा फैल जाता है मंडी में पेयजल की भी व्यवस्था दुरुस्त नहीं है।

मंडी सचिव के रोजाना मंडी समिति न आने से मंडी समिति की अव्यवस्थाओं को देखने वाला भी कोई नहीं है। कर्मचारी मनमानी होकर काम कर रहे हैं। मंडी समिति के अंदर बेसहारा मवेशियों की भरमार है। सबसे बड़ा सवाल यह कि इस मंडी के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह है उन्होंने कई बार मवेशियों को मंडी समिति बाहर करने के निर्देश दिए हैं लेकिन उनके आदेश भी इन मनमाने अधिकारियों व कर्मचारियों के सामने बेमानी साबित हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएमओ ने किया नेत्र ज्योति अभियान का समीक्षा



**बलरामपुर।** मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने नेत्र ज्योति अभियान की समीक्षा की।कम उपलब्धि वाले ब्लॉकों के नेत्र परीक्षण अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह मोतियाबिंद के रोगियों की लाइन लिस्टिंग कर उनका ऑपरेशन करवाना सुनिश्चित करें । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा नेत्र ज्योति अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में नेत्र से जुड़ी हुई समस्त बीमारियों का इलाज व उपचार कर उन्हें नेत्र ज्योति प्रदान करना है। जनपद बलरामपुर में अभी तक कुल 5536 मोतियाबिंद के रोगियों का निःशुल्क आपरेशन किया गया है। नेत्र ज्योति अभियान के अंतर्गत जिला संयुक्त चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुलसीपुर,उतरौला सहित पांच प्राइवेट हॉस्पिटल पन्ना लाल सरावगी हॉस्पिटल, प्रेम सेवा हॉस्पिटल,अलीगढ़ आई सेंटर, देव आई हॉस्पिटल, दीप नेत्रालय नेत्र ज्योति अभियान के अंतर्गत अनुबंधित है। सीएमओ ने राष्टीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ ए के शुक्ला को निर्देशित किया की निर्धारित दिवसों पर मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु मेगा कैंपों का आयोजन कर निशुल्क ऑपरेशन की सुविधा सभी मरीजों को उपलब्ध कराई जाए। समीक्षा बैठक में सभी विकास खण्डों से आए हुए नेत्र परीक्षण अधिकारियों, डॉ सुनील कुमार आई सर्जन,अरविंद मिश्रा, विनोद त्रिपाठी राजकुमार मिश्रा आदि ने प्रतिभाग किया।

### नेवादा ग्राम पंचायत में पाइप लाइन कुलाबे व नलकूप को ठीक करने की मांग



**सादुल्लाहनगर (बलरामपुर)/शाहिद हुसैन :** राजकीय नलकूप की पाइप लाइन कुलाबे व नलकूप निष्प्रयोज्य साबित हो रहे हैं जिनकी मरम्मत कर शीघ्र संचालन की मांग ग्रामीणों ने की है । विकासखंड रेहरा बाजार अन्तर्गत ग्राम पंचायत नेवादा में दो राजकीय नलकूप स्थित हैं । दोनों नलकूप के पाइप लाइन और कुलाबे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हैं इसी प्रकार पतकरपुर में भी राजकीय नलकूप निष्प्रयोज्य व अप्रभावी है। क्षेत्र में गन्ने की फसल की बुआई के लिए सिंचाई की आवश्यकता है पानी न मिलने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है राधेश्याम श्रीवास्तव, अशोक, पंकज कुमार, गनपत, कबीर, मासूम अली, अब्दुल कलाम, अब्दुल मन्नान आदि ने राजकीय नलकूप के पाइप लाइन और कुलाबे लाइन और क्षतिग्रस्त कुलाबे ठीक कराने की मांग की है।

### लोकसभा चुनाव निष्पक्ष, सकुशल एवं शांतिपूर्व कराने को पुलिस अधिक्षक ने दिए दिशा निर्देश




**हापुड़/अनुज चौधरी :** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, सकुशल एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी महोदया व श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### एंटीरोमियों स्क्वाड टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए मनचलों एवं शोहदों की हुई चैकिंग

**हापुड़/अनुज चौधरी :** जनपद हापुड़ की समस्त थानों की एंटीरोमियों स्क्वाड टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, भीड़-भाड़ वाले इलाकों एवं पार्क आदि स्थानों पर मनचलों/शोहदों की चेकिंग की जा रही है। आज नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद हापुड़ में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद की समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, गांव/कस्बों, पार्कों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों के आस-पास मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध लड़कों/युवकों से पूछताछ कर उन्हें हिदायत दी जा रही है।

# विद्यालय टॉपर छात्र को किया सम्मानित

## प्रधानाध्यापक सहित शिक्षकों ने की छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना



मुकेश कुमार

**बुगरासी।** ग्रामीण परिवेश में कक्षा दो के छात्र द्वारा परीक्षा में 99.3 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने मानव गौतम को स्कूल प्रबंधन की ओर से साइकिल देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार नौनिहाल छात्र ने कहा कि उसका लक्ष्य शिक्षा में तरक्की हासिल करना है। जिसके बाद बडा अधिकारी बन कर देश की सेवा करना है। इस दौरान टॉपर छात्र-छात्राओ को बुके, डायरी, पेंसिल आदि देकर पुरूष्कृत किया गया।

मंगलवार को क्षेत्र के गांव मांकडी स्थित सेंट थॉमस विद्यालय में टॉपर छात्र मानव के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परीक्षाफल वितरण के दौरान प्रबंधक विजय त्यागी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन तपस्या का जीवन है। इस उम्र में अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देकर छात्र सफलता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। स्कूल प्रबंधन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर है। बताया कि किरयावली निवासी सोहनवीर सिंह के पुत्र मानव ने विद्यालय टॉप किया है। उत्कृष्ट कार्य के लिये छात्र को रेंजर साईकिल देकर सम्मानित किया है।

इस दौरान अन्य छात्र-छात्र-छात्राओ मयंक, मान्या त्यागी, अल्फाज, पूर्वांश, अलीशा, ध्रुव, हंसी, कीर्ति, लवी शर्मा,अंश, विभा, कनक गिरी, भावना के उत्कृष्ट सफलता पर बुके और डायरी देकर सम्मानित किया गया। स्टाफ की तरफ से नौनिहालों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर स्टाफ सहित परिजन मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीठासीन अधिकारियों को ट्रेनिंग देने वाले मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण

## हैंडबुक का कर ले दो से तीन बार गहन अध्ययन

## सभी मास्टर ट्रेनर पूरी बारीकी से प्राप्त करें प्रशिक्षण : डीएम



तेजयुग न्यूज़

**बलरामपुर:** लोकसभा निर्वाचन एवं गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कर जाने हेतु प्रशासन की सभी तैयारियां पूरे जोरों पर है। इसी क्रम में डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में 60 मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण विकास भवन सभाकर में संपन्न हुआ। सभी मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय को वोटिंग की बारीकियां के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इस दौरान डीएम ने कहा कि सभी मास्टरट्रेनर पूरे मनोयोग एवं बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करें। यदि किसी प्रकार का कंफ्यूजन है तो बिना किसी संकोच के उसे दूर ले। उन्होंने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर हैंड बुक का कम से कम 2 से 3 बार भली-भांति अध्ययन कर ले। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरते। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी की भूमिका चुनाव में सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन अधिकारियों को अच्छे से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा एवं वोटिंग की सभी बारीकियां बताई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, डीडीओ गिरीश चंद्र पाठक, पीडी सीपी श्रीवास्तव व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डांट से क्षुब्ध होकर युवक ने खाया सिंदूर

**ऊंचाहार/रायबरेली :** शराब पीने के बाद परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर युवक ने घर में रखा सिंदूर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई, परिजनों की मदद से उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मामला क्षेत्र के पूरे तीर मजरे खरौली गाँव का है, बताते हैं कि मंगलवार को गाँव निवासी रामआसरे के पुत्र आशीष कुमार 28 वर्ष ने शराब पी ली थी, जिसके लिए परिजनों ने उसे डांट दिया, इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने घर में रखा सिंदूर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई, जानकारी होने पर परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि युवक को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया है, जिसका उपचार किया जा रहा है।

# आधा दर्जन लोगों ने की युवक से मारपीट

तेजयुग न्यूज़

**ऊंचाहार/रायबरेली :** गाँव में खाना देने गये युवक के साथ आधा दर्जन लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगा है, घायल युवक को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद एक्सरे हेतु उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाली में मामले की तहरीर दी गई है। मामला कोतवाली क्षेत्र के पट्टी रहस कैथवल गाँव का है, गाँव निवासी नीलम देवी वर्तमान में ऊंचाहार बस स्टैंड के पास परिवार संग निवास करती है।



उसका कहना है कि मंगलवार की दोपहर उसका बेटा रौनक पैतृक गांव पिता को खाना देने गया हुआ था और वापस घर लौट रहा था।आरोप है कि कुछ लोगों ने रास्ते में रोककर उसकी पिटाई कर दी, जानकारी होने पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया ,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे एक्सरे हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाई की जायेगी।

# धोखाधडी कर कुंडल ठगने वाले एक अभियुक्त व एक अभियुक्ता गिरफ्तार

## कब्जे से एक जोडी कुण्डल (पीली धातु) व अवैध असलहा बरामद



विकास त्यागी

**बुलंदशहर:** थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर मेरठ प्राईवेट बस अड्डे के पास से धोखाधडी की घटना कारित कर कुण्डल ठगने वाले एक अभियुक्त व एक अभियुक्ता को एक जोडी कुण्डल (पीली धातु) व अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तो की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं-206/24 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अभियुक्तो को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। गिरफ्तार दो अभियुक्त करन पुत्र बाबूलाल निवासी कोटला चुंगी तिलक नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद। राजेश्वरी पत्नी बाबूलाल निवासी कोटला चुंगी तिलक नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद के निवासी हैं। और एक जोडी कुण्डल (पीली धातु) एक तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा रविवार को अनूपशहर रोड काली नदी पुल के पास एक महिला को धोखाधडी से कागज के टुकडो पर ऊपर नीचे 500-500 रूपये के नोट लगाकर उन्हे कपडे मे लपेटकर 50000/- रूपये बताकर एक महिला से कुण्डल ले लिये थे। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं-204/24 धारा 420/411 भादवि पंजीकृत है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**बहादुरगढ़/अनुज चौधरी :** क्षेत्र के गांव बहावपुर ठेरा का अट्ठाइस वर्षीय राहुल अविवाहित था, जो रविवार को किसी कार्य से जनपद बुलंदशहर को गया हुआ था। वापस लौटते समय गढ़ बुलंदशहर रोड पर स्थित गांव लखावटी में डिग्री कॉलेज के सामने किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे राहुल की मौके पर ही दर्दनाक ढंग में मौत हो गई। सडक् दुर्घटना में जान गंवाने वाला राहुल अपने परिवार की गुजर बसर कर रहा था, जो पिता और बड़े भाई की मृत्यु हो जाने से सारा कामकाज संभाल रहा था। कुछ दिन पहले ही उसकी प्राइवेट जॉब नोएडा की एक कंपनी में लगी थी।